प्रश्न सं. [क्र. 694]

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 694 के भाग (ख) का परिशिष्ट "अ"

सदन में उत्तर देने का दिनांकः 26–07–2022 प्रश्नकर्ता– श्री संजय यादव

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क्र./5/विकास/सेल–1–2/2022/ 48 भोपाल, दिनांक 15/06/2022

प्रति,

माननीय विधायक,
श्री संजय यादव, बरगी विधानसभा क्षेत्र क्र.96,
9 भाग्य गोपाल मंगलम्, हाथीताल, जिला जबलपुर।

विषयः– बरगी में तीस बिस्तरीय अस्पताल के संचालन के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्र कमांक 60/भोपाल/2022, दिनांक 21.05.2022।

–0–

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से बरगी में तीस बिस्तरीय अस्पताल के संचालन कराये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु लेख किया गया है।

उक्त संबंध में लेख है कि परियोजना परीक्षण समिति की बैठक दिनांक 07.09.2021 में लिये निर्णय उपरांत मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 12–22/2021/सत्रह/मेडि–3, भोपाल दिनांक 23.09.2021 द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भवन उन्नयन एवं निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, तथा संचालनालय के पत्र दिनांक 25.08.2021 द्वारा उपकरण एवं फर्नीचर कय किये जाने हेतु बजट आवंटन किया जा चुका है। उक्त संस्था में मानव संसाधन स्वीकृत किये जाने संबंधी कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है।

संचालक (विकास) द्वारा अनुमोदित

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

उप संचालक (विकास)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश